हिन्दुस्तान
सोमवार, 5 दिसंबर 2022
02
www.livehindustan.com

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में सौरव और निशा प्रथम

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की ओर से बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल महाविद्यालय तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता के प्रथम दिन इंडियन राउंड के छात्र वर्ग में अग्रवाल कॉलेज के सौरव और एसएचएस भिवानी की निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा छात्र वर्ग में साहिल ने द्वितीय तथा सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्राओं के वर्ग में गवर्नमेंट कॉलेज, बल्लभगढ़ की भूमिका ने द्वितीय तथा वीएमएम कॉलेज रोहतक की पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय से संबंधित 15 महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने इंडियन राउंड ने भाग लिया। दूसरे दिन रविवार को रिकर्व राउंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रिकर्व राउंड के छात्र वर्ग में राजकीय महाविद्यालय दुजाना के राहुल ने प्रथम, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के विक्की हुड्डा ने द्वितीय तथा सागर शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।